# St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

**Hindi Text : (2nd Term)** **(Answer Worksheet -16)** **Date: 01.10.2020**

**Topic: आँखों के तारे** **Class -4**

---

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 'आँखों के तारे ' कैसी कविता है , वर्णन करो |

उ- आँखों के तारे एक प्रेरक कविता है | इस कविता में हम प्रकृति के विभिन्न उपादानों से प्रेरणा लेते हैं | प्राकृतिक सच में हमारी शिक्षिका है | हम प्राकृतिक से बहुत कुछ सीख सकते हैं | प्राकृतिक शिक्षा के साथ - साथ हमें सन्देश भी देती है |

2 'बाल अरुण मुस्कुराता है ' का क्या अर्थ है ?

उ- सबेरे जैसे ही सूरज निकालता है , चारों ओर रौशनी फैल जाती है | सूरज निकलते समय छोटे गोले के समान होता है | उस समय उसकी रौशनी भी तेज़ नहीं होती है | गर्मी भी नहीं होती , इसीलिए कवि ने सूरज को 'बाल अरुण ' कहा है | हमें भी उसकी तरह मुस्काना चाहिए |

3 झरना हमें क्या प्रेरणा देता है ?

उ- झरना निरंतर आगे बढ़ता जाता है | वह मस्ती से कल - कल की आवाज़ करता आगे बढ़ता है | उसके रास्ते में बहुत से रोड़े - पत्थर आते है | वह उनकी परवाह न करके उनको पीसता हुआ आगे बढ़ता है | इससे हमें यह सन्देश मिलता है कि हमें जीवन में आने वाली बाधाओं को साहस के साथ सामना करना चाहिए |

4 नदी हमें क्या सन्देश देती है ?

उ- नदी हमें जीवों की सहायता करने को कहती है | नदी सबकी प्यास बुझाती है | नदी के पानी से खेतों में सिंचाई होती है | नदी भी निरंतर बहती रहती है , कभी नहीं रूकती | अतः नदी हमें जीवन में आगे बढ़ने का सन्देश देती है |

Poonam Mehra